भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1308
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

तमिलनाडु में खेलो इंडिया का कार्यान्वयन

1308. श्री के. ई. प्रकाश:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच महीनों के दौरान तमिलनाडु में खेलो इंडिया योजना तथा अन्य केंद्र प्रायोजित खेल योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की है और यदि हां, तो इरोड जिले से संबंधित योजनाओं सहित स्वीकृत परियोजनाओं, स्वीकृत/ जारी की गई निधि तथा प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त अवधि के दौरान तमिलनाडु के ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेल अवसंरचना और जमीनी स्तर पर खेल प्रोत्साहन की पर्याप्तता का आकलन किया है और यदि हां, तो इसमें युवाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रस्तावित उपायों के साथ तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पिछले पांच महीनों के दौरान इरोड जिले सहित तमिलनाडु में खेल अवसंरचना या युवा खेल प्रोत्साहन के लिए किसी नए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है या ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का खेल सुविधाओं तथा सामुदायिक खेल कार्यक्रमों तक पहुंच का विस्तार करने के लिए राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के साथ समन्वय को मजबूत करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) पिछले पांच महीनों के दौरान मेरा युवा भारत (माई भारत) पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं की जिला-वार संख्या कितनी है तथा तमिलनाडु के कितने युवाओं ने माई भारत के अंतर्गत कार्यक्रमों में भाग लिया है; और

(च) तमिलनाडु में माई भारत पोर्टल के तहत भागीदारी में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना का विकास तथा खेल अवसंरचना की पर्याप्तता का आकलन, ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। उपर्युक्त विषय के संबंध में राज्य सरकार द्वारा किया गया ऐसा कोई आकलन इस मंत्रालय को प्राप्त नहीं हुआ है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा तमिलनाडु राज्य सहित देश में खेलों के विकास के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं:

(i) खेलो इंडिया – राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;
(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं तथा उनके कोचों को नकद पुरस्कार;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन; तथा
(ix) राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केन्द्र (एनसीएसएसआर)।

उपर्युक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), मांग-आधारित स्कीमें हैं जिनके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र निकायों से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा स्कीम के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि के आधार पर विचार किया जाता है। तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा उनकी वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है:

खेल सुविधाओं तथा सामुदायिक खेल कार्यक्रमों तक पहुंच का विस्तार करने के लिए राज्य सरकारों एवं स्थानीय निकायों के साथ समन्वय को सुदृढ़ बनाने हेतु मंत्रालय अपनी स्कीमों का कार्यान्वयन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय में करता है।

(ङ) तमिलनाडु से मेरा युवा भारत (माय भारत)) मंच पर पंजीकृत युवाओं की जिला-वार संख्या अनुबंध–I में दी गई है। इसके अतिरिक्त, पिछले पाँच महीनों के दौरान तमिलनाडु के 1,86,246 युवाओं ने माय भारत भारत पोर्टल पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है।

(च) मेरा युवा भारत (माय भारत) तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में युवाओं को विविध अवसरों से जोड़ने के लिए एक डिजिटल मंच उपलब्ध कराता है। इनमें स्वयंसेवा के अवसर, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी), प्रश्नोत्तरी तथा युवाओं पर केंद्रित अन्य पहलें शामिल हैं। विशेष रूप से तमिलनाडु राज्य के लिए, पिछले पाँच महीनों के दौरान माय भारत मंच पर 473 स्वयंसेवा अवसर, 933 एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी) तथा युवाओं की सहभागिता से संबंधित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया हैं।

अनुबंध – I

तमिलनाडु में खेलों इंडिया का कार्यान्वयन के संबंध में माननीय लोक सभा सदस्य श्री के. ई. प्रकाश द्वारा दिनांक 27.07.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1308 के उत्तर के भाग (ङ) में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं.	जिला	कुल पंजीकृत युवा
1	अरियालुर	10879
2	चेंगलपट्टू	33479
3	चेन्नई	102490
4	कोयम्बटूर	77839
5	कडलूर	42583
6	धर्मपुरी	51444
7	डिंडीगुल	40620
8	इरोड	37257
9	कल्लाकुरिची	14251
10	कांचीपुरम	30286
11	कन्याकुमारी	35638
12	करूर	20134
13	कृष्णागिरि	47798
14	मदुरै	77717
15	मयिलादुथुरै	13229
16	नागपट्टिनम	15854
17	नमक्कल	32354
18	पेरम्बलूर	16282
19	पुडुकोट्टई	19687
20	रामनाथपुरम	37219
21	रानीपेट	13813
22	सलेम	69276
23	शिवगंगा	28212
24	तेनकासी	21763
25	तंजावुर	36909
26	नीलगिरि	11424

27	थेनी	29938
28	तिरुवल्लूर	33012
29	तिरुवारुर	21116
30	तिरुचिरापल्ली	41594
31	तिरुनेलवेली	34335
32	तिरुपत्तूर	13416
33	तिरुप्पुर	30912
34	तिरुवन्नामलाई	30091
35	तूतीकोरिन	32383
36	वेल्लोर	29387
37	विल्लुपुरम	30513
38	विरुधुनगर	38976

*****